# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.12.2025 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने आज उज्जैन में सिंहस्थ–2028के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत जी–राम जी कानून लाया गया।
- उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कई कार्य किये गये, कहा उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने।
- उत्तभारत से आ रही सर्द हवाओं के चलते प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का असर।

मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के अन्तर्गत 129 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "सिंहस्थ" को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं का विकास प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उत्कर्ष उज्जैन.कॉम पोर्टल का अनावरण एवं कौशल सेतु इंडस्ट्री लेड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्रोजेक्ट स्वाध्याय का शुभारंभ भी किया।

विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम

कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में मौजूद विभिन्न कमियों और अनियमितताओं को दूर करने के लिए एक नया कानून 'विकसित भारत–जी–राम–जी' लाया गया है। उत्तराखंड के गौचर में राज्य स्तरीय किसान दिवस–2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत पहले 100 दिनों का रोजगार दिया जाता था, लेकिन नए कानून के तहत इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज मंदसौर जिले के ग्राम पिपलिया कराड़िया में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि–पूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव जब आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता अभियान में सहभागी बनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

कार्यशाला

राष्ट्रीय शैक्षिक नेतृत्व परिषद नीपा द्वारा आज से भोपाल में 5 राज्यों बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और मध्यप्रदेश की लीडरशिप एकेडमी की समीक्षा एवं योजना निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह कार्यशाला समग्र शिक्षा अभियान, एससीईआरटी तथा सीमेट के

योजना निर्माण तथा लीडरशिप संबंधी कार्यो के राज्यों में संपादित कार्यों का रिव्यू एवं आगामी योजना निर्माण के संबंध में आयोजित की जा रही है।

## निर्वाचक नामावली

मध्यप्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने नागरिकों से अपील की है कि वे एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में अपने नाम की जांच कर समय-सीमा में आवश्यक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

## प्रधानमंत्री - आई.एन.एस.वी. कौंडिन्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारत के पोरबंदर से मस्कत के ओमान के लिए पहली समुद्री यात्रा पर आई.एन.एस.वी. कौंडिन्य के रवाना होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह जहाज प्राचीन भारतीय तकनीक का उपयोग करके बनाया गया है। यह देश की समृद्ध समुद्री परंपरा को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अनूठे जहाज के निर्माण के लिए समर्पित प्रयासों, डिजाइनरों, कारीगरों, जहाज निर्माताओं और नौसेना को बधाई दी। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने के लिए चालक दल को सुरक्षित और यादगार यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं।

### सामाजिक न्याय

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार आज भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए तीन नये विश्वविद्यालयों की स्थापना सहित कई कार्य किये गये है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों को उद्योगपतियों और बड़ी कंपनियों के साथ एमओयू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप कई पॉलिटेक्निक कॉलेजों में कंपनियां अपने एक्सीलेंस सेंटर स्थापित कर रही हैं।

वहीं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने अपने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की स्माइल योजना के अन्तर्गत प्रदेश के शहरों को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का प्रयास जारी है।

किसान कल्याण

किसान कल्याण और कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने मंडी प्रांगणों को कृषक उन्मुख बनाये जाने के लिये प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये है। आज भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संचालक मंडल की 144वीं बैठक में उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में बेहतर सुविधाएं, पारदर्शी विपणन व्यवस्था एवं फसलों का उचित मूल्य दिलाना भी सुनिश्चित किया जाये।

मौसम

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। भोपाल, इंदौर, रीवा, मऊगंज, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, सीहोर और सिवनी में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, जबकि कोहरे के कारण दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनें 4 से 5 घंटे की देरी से चल रही हैं। ग्वालियर जिले में शीत लहर को ध्यान में रखकर सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में कल बच्चों के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि कल एक और पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। इसके चलते ठंडी हवाओं की तीव्रता और बढ़ने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

- पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के वाणिज्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 (नवंबर तक) के दौरान यात्री, माल यातायात और गैर-किराया राजस्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।
- खंडवा नगर पालिक निगम ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए मध्यप्रदेश के सभी 16 नगर निगमों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- बैतूल  प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2025-26 में कृषकों के फसल बीमा योजना के लिए बैंक द्वारा कृषक प्रीमियम राशि जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित है।
- भारत और श्रीलंका के बीच पांचवा और अंतिम महिला टी–20 क्रिकेट मुकाबला कल शाम सात बजे से तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा।
- गुना जिले में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर तक उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जा रही है।